E-Mail - divazmupjn@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आजमगढ़

पत्रांक 2830 / M-3 /47 दिनांक 05/08/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
आजमगढ़।

विषयः— समाचार पत्र में प्रकाशित शिकायत के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 05.08.2026 को दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में प्रकाशित खबर "आधे गाँव में नही लगायी टोंटी" निराधार एवं सत्यता से परे है। योजना की जांच करायी गयी "गहजी" पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा प्रा0 लि0बाबा(जे0वी0),—राजस्थान द्वारा कराया गया है। योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर पिछले 2 वर्ष से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। योजना में 535 नग एफ0एच0टी0सी0 कराये गये है। कुछ ग्रामीणों द्वारा कनेक्शन लेने से मना कर दिया गया था, जिससे उनके घरों में एफ0एच0टी0सी0 का कार्य नही कराया जा सका। ग्राम प्रधान से सम्पर्क कर ग्राम का सर्वेक्षण किया गया। कुल 60 लोगों ने एफ0एच0टी0सी0 लेने हेतु सहमति दी है। शेष कनेक्शन कराने हेतु टीम लगा दी गयी है। शीघ्र ही एफ0एच0टी0सी0 कार्य प्रारम्भ कर समस्त लोगों को एफ0एच0टी0सी0 उपलब्ध करा दिया जायेंगा।

समाचार पत्र की कटिंग के साथ संलग्न कर आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक—उपरोक्तानुसार

भवदीय

(राजेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एंव दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आजमगढ़।
3. जिलाधिकारी महोदय, आजमगढ़।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय—आजमगढ़।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

New Office Letter-3298

Scanned with OKEN Scanner

E-Mail - divazmupjn@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आजमगढ़

पत्रांक 2830 / M-3 /47 दिनांक 05/08/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
आजमगढ़।

विषयः— समाचार पत्र में प्रकाशित शिकायत के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 05.08.2026 को दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में प्रकाशित खबर "आधे गाँव में नही लगायी टोंटी" निराधार एवं सत्यता से परे है। योजना की जांच करायी गयी "गहजी" पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा प्रा0 लि0बाबा(जे0वी0),—राजस्थान द्वारा कराया गया है। योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर पिछले 2 वर्ष से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। योजना में 535 नग एफ0एच0टी0सी0 कराये गये है। कुछ ग्रामीणों द्वारा कनेक्शन लेने से मना कर दिया गया था, जिससे उनके घरों में एफ0एच0टी0सी0 का कार्य नही कराया जा सका। ग्राम प्रधान से सम्पर्क कर ग्राम का सर्वेक्षण किया गया। कुल 60 लोगों ने एफ0एच0टी0सी0 लेने हेतु सहमति दी है। शेष कनेक्शन कराने हेतु टीम लगा दी गयी है। शीघ्र ही एफ0एच0टी0सी0 कार्य प्रारम्भ कर समस्त लोगों को एफ0एच0टी0सी0 उपलब्ध करा दिया जायेंगा।

समाचार पत्र की कटिंग के साथ संलग्न कर आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक—उपरोक्तानुसार

भवदीय

(राजेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एंव दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आजमगढ़।
3. जिलाधिकारी महोदय, आजमगढ़।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय—आजमगढ़।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

New Office Letter-3298

Scanned with OKEN Scanner

मेंहनगर। तहसील बार के अधिवक्ता शुभम श्रीवास्तव के पिता एवं सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण लाल श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव का सोमवार रात निधन हो गया। मंगलवार सुबह निधन की सूचना मिलते ही परिजन, शुभचिंतक और ग्रामीण उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने लगे। तहसील बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष रामजन्म सिंह की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा के बाद अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस अवसर पर मंत्री श्यामबिहारी सरोज, पूर्व अध्यक्ष अनिल वर्मा, महेंद्र केशवानी आदि उपस्थित रहे। संवाद

## आधे गांव में नहीं लगाई टोंटी, ग्रामीणों का प्रदर्शन



गहजी गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। संवाद

अहरौला। जल जीवन मिशन की सप्लाई और खराब व्यवस्था को लेकर गहजी के ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रधान राकेश सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने गांव के 40 प्रतिशत घरों में पानी नहीं आने का आरोप लगाया। प्रधान राकेश सिंह ने बताया कि गांव में आधे से अधिक जगहों पर अभी तक टोंटी नहीं लगाई गई है। यही नहीं, जहां टोंटी लगी है, वहां भी लगभग 20 प्रतिशत घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। सप्लाई पाइप जगह-जगह लीक हो गई है। पानी की सप्लाई भी नियमित नहीं है। इससे परेशानी बढ़ गई है। ग्राम प्रधान ने कहा कि जब तक व्यवस्था को सही नहीं किया जाता, तब तक परियोजना को हैंडओवर नहीं होने दिया जाएगा। व्यवस्था नहीं सुधरी तो इसकी शिकायत डीएम से की जाएगी। प्रदर्शन में प्रदीप कुमार, राजबली, रामशब्द, गया शर्मा, लक्ष्मण सिंह, राजाराम, पंकज सिंह आदि मौजूद थे। संवाद

## निधन पर जताया शोक

लालगंज/फूलपुर। लालगंज में टेलीफोन विभाग के सेवानिवृत्त एसडीओ केशव प्रसाद भारद्वाज का रविवार सुबह निधन हो गया। वहीं, फूलपुर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक रामसरन गुप्ता के 24 वर्षीय पुत्र के असामयिक निधन पर तहसील सभागार में श्रद्धांजलि दी गई। उनके पुत्र डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि लालगंज के बाईपास रोड स्थित आवास पर रह रहे सेवानिवृत्त एसडीओ केशव प्रसाद भारद्वाज लंबे समय से अस्वस्थ थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व चेयरमैन विजय सोनकर, धर्मराज सिंह, सुनील कुमार सिंह, तारकेश्वर मिश्र, डॉ. मनोज प्रजापति, डॉ. पीएन यादव आदि रहे। वहीं, राजस्व निरीक्षक रामसरन गुप्ता के ...

Scanned with OKEN Scanner